# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| पाठ -6-'जो देखकर भी नहीं देखते'(निबंध) | Topic: प्रश्नोत्तर , शब्दार्थ तथा व्याकरण भाग | Note: Pl. write in your note book |

पाठ-6-'जो देखकर भी नहीं देखते'(निबंध)

प्रश्नोत्तर

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न :-**

प्रश्न -1- हेलेन केलर किस आयु में अपनी देखने-सुनने की शक्ति खो चुकी थी ?

उत्तर - हेलेन केलर डेढ़ वर्ष की आयु में अपनी देखने-सुनने की शक्ति खो चुकी थी |

प्रश्न -2- किस वृक्ष की छाल खुरदरी होती है ?

उत्तर - चीड़ के पेड़ की छाल खुरदरी होती है |

प्रश्न -3- लेखिका की सहेली कहाँ से सैर करके लौटी थी ?

उत्तर - लेखिका की सहेली जंगल से सैर करके लौटी थी |

प्रश्न -4- वसंत के मौसम में लेखिका क्या खोजती है ?

उत्तर - वसंत के मौसम में लेखिका टहनियों पर नयी कलियाँ खोजती है।

प्रश्न -5-विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक चीजों को छूने से लेखिका को कैसा महसूस होता है?

उत्तर- विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक चीजों को छूने से लेखिका को प्रसन्नता महसूस होती है।

प्रश्न 6 -लेखिका को दिखाई नहीं देता , फिर भी वह चीजों को कैसे पहचान लेती है ?

उत्तर- लेखिका को दिखाई नहीं देता परंतु वह चीजों को छूकर पहचान लेती है।

प्रश्न- 7 भोजपत्र के पेड़ की छाल कैसी होती है ?

उत्तर- भोजपत्र के पेड़ की छाल चिकनी होती है।

प्रश्न- 8 मनुष्य किस चीज की कभी कदर नहीं करता ?

उत्तर- मनुष्य अपने क्षमताओं की कभी कदर नहीं करता।

प्रश्न- 9 लेखिका को महँगे कालीन से भी ज्यादा क्या पसंद करती है ?

उत्तर लेखिका महंगे कालीन से भी ज़्यादा चीड़ की फैली पत्तियाँ या घास पसंद करती है ।

प्रश्न- 10 कौन- सा समय लेखिका के जीवन में नया रंग और खुशियां भर जाता है।

उत्तर- बदलते हुए मौसम का समय लेखिका के जीवन में नया रंग और खुशियां भर जाता है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न :-**

प्रश्न. 1-'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है ?

उत्तर:- प्रकृति के अनमोल खजाने को, उसके अनमोल सौंदर्य और उसमें होने वाले नित्य-प्रतिदिन बदलाव को 'प्रकृति का जादू' कहा गया है।

प्रश्न 2- लेखिका को झरने का पानी कब आनंदित करता है?

उत्तर:- लेखिका जब झरने के पानी में उंगलियाँ डालकर उसके बहाव को महसूस करती है | तब वह आनंदित हो उठती है

प्रश्न 3- हेलेन केलर अपने मित्रों की परीक्षा क्यों लेती थी ?

उत्तर:- हेलेन केलर यह जानने के लिए अपने मित्रों की परीक्षा लेती है कि उन्होंने जंगल में क्या-क्या देखा है ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-**

प्रश्न 1. 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं' – हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था?

उत्तर:- जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं' – हेलेन केलर को ऐसा इसलिए लगता था क्योंकि आँखों वाले लोग पूछने पर उनसे कहा करते थे कि उन्होंने कुछ खास नहीं देखा। प्रकृति की जो सुंदरता वह आँखें ना होते हुए भी महसूस कर लेती थी उसे उसके मित्र आँखें होते हुए भी महसूस नहीं कर पाते थे ।

प्रश्न 2 . 'कुछ खास तो नहीं'- हेलेन की मित्र ने यह जवाब किस मौके पर दिया और यह सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ?

उत्तर:- हेलेन केलर की प्रिय मित्र जब जंगल की सैर से वापस आई तो हेलेन ने उससे पूछा कि उसने जंगल में क्या देखा ? इस पर उसका जवाब था - कुछ खास तो नहीं । हेलेन केलर को यह सुनकर आश्चर्य नहीं हुआ क्योंकि वह इस तरह के उत्तरों की आदि हो चुकी थी ।लोग यह कहा करते थे कि उन्हें कुछ खास नज़र नहीं आया ।

**शब्दार्थ :-**

1- दृष्टिहीन- अँधा , blind

2 -प्राकृतिक – कुदरती natural

3 -दृष्टि – देखने की ताकत , निगाह sight , glance

4 - अचरज – आश्चर्य surprise

5 - आदी होना – आदत पड़ जाना habitual

6 - विश्वास – यकीन -faith

7 - विशेष – खास special

8 - स्पर्श- छूना touch

9 - मखमली सतह – मुलायम परत soft surface

10 - बनावट- निर्माण , structure

11 - अपार-बेहद असीम incomparable, shoreless

12 - स्पर्श करना – छूना a touch,

13 - मधुर स्वर –मीठी आवाज़ Melodious voice

14 - अहसास- अनुभव feeling, experience

15 - आनंदित- खुश happy

16 - मन मुग्ध होना –मन प्रसन्न होना to be happy

17 - समाँ – वातावरण season, time period

18 - क्षमताओं –गुण,ताकत capacity

19 - नियामत -ईश्वरीय उपहार God's grace

**व्याकरण भाग :-**

प्रश्न 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 - | संसार - | दुनिया , | विश्व , | जगत |
| 2 - | शत्रु - | अरि , | वैरी , | दुश्मन |
| 3 - | नारी - | स्त्री , | महिला , | अबला |
| 4 - | चंद्रमा - | चाँद , | शशि , | राकेश |
| 5 - | गाय - | गौ , | धेनु , | गऊ |
| 6 - | तालाब - | सर , | सरोवर , | ताल |
| 7 - | वायु - | पवन , | हवा , | अनिल |
| 8- | जल - | वारि , | नीर , | पानी |

प्रश्न- 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 - | अगला | - | पिछला |
| 2 - | पाप | - | पुण्य |
| 3 - | मालिक | - | नौकर |
| 4 - | कायर | - | वीर |
| 5 - | गंदा | - | साफ़ |
| 6 - | पुराना | - | नया |
| 7 - | राजा | - | रंक |
| 8 - | सुर | - | असुर |

प्रश्न- 3 दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए -

1- बिना सोचे समझे किया गया विश्वास - अंधविश्वास
2- जिसका कभी जन्म ना होता हो- अजन्मा
3- आज्ञा का पालन करने वाला - आज्ञाकारी
4- जिसे लज्जा न आती हो - निर्लज्ज
5- वर्ष में एक बार होने वाला - वार्षिक
6- जिस पर विश्वास किया जा सके- विश्वसनीय
7- जिस ने कोई अपराध ना किया हो - निरपराध
8- जिसका कोई इलाज ना हो - लाइलाज
9- जो साथ पढ़ता हो - सहपाठी
10- रचना करने वाला- रचयिता

प्रश्न 1- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए |

1- बच्चे पढ़ रहे हैं किताब।
उत्तर- बच्चे किताब पढ़ रहे हैं।
2- क्या आप नाश्ता कर लिए हैं ?
उत्तर- क्या आपने नाश्ता कर लिया है ?
3- ड्राइवर मीरा को कार चलाना सीख रहा है।
उत्तर- ड्राइवर मीरा को कार चलाना सिखा रहा है।
4 - वह हिमालय पहाड़ पर चढ़ गया ।
उत्तर- वह हिमालय पर चढ़ गया।
5- लड़की गाना गा रहा है ।
उत्तर- लड़की गाना गा रही है ।
6- तुम्हें अभी बहुत बातें सीखना है।
उत्तर- तुम्हें अभी बहुत बातें सीखनी हैं ।
7- यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।
उत्तर- यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।
8- महादेवी वर्मा एक कवि थीं।
उत्तर -महादेवी वर्मा एक कवयित्री थीं ।
9- उसके पास केवल मात्र पचास पैसे हैं।
उत्तर- उसके पास केवल पचास पैसे हैं।
10- एक गीतों की किताब ला दीजिए।
उत्तर- गीतों की एक किताब ला दीजिए।



*******